हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 2 फरवरी 2026

08 मनरेगा का नाम और उसके स्वरूप से छेड़छाड़...

09 विस क्षेत्र में 2 करोड़ 11 लाख के विकास कार्यों का...




### खबर संक्षेप

#### कथा के अंतिम दिवस निकाली नगर में भव्य शोभायात्रा

**सीहोर।** भगवान शिव की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है क्योंकि भगवान शिव कल्याण एवं सुख के मूल स्त्रोत हैं। वे संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के अधिपति तथा साक्षात परमात्मा हैं। भगवान भोलेनाथ की कथा में गोता लगाने से मानव को प्रभु की प्राप्ति होती है लेकिन कथा सुनने व उसमें उतरने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता हैं। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में नारी शक्ति महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा जिला इकाई सीहोर के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय शिव महापुराण के अंतिम दिवस कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहे। रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहाकि ज्ञान, धर्म, भक्ति का मूल है। पांच दान यश, मान, कीर्ति, नम्रता, सरल सत्य स्वयं परमात्मा है। कलयुग, कलयुग नहीं है बल्कि करयुग है।

### किसानों को खाद-बीज और कृषि यंत्रों में राहत मिलने की इस बजट में उम्मीद थी, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी

# मिला-जुला रहा बजट, विशेषज्ञ ने कहा संतुलित है किसान और विपक्षी बोले-उम्मीदों पर फिरा पानी

बजट को लेकर आम लोगों ने दी अपनी-अपनी राय, किसी ने निराशजनक बताया तो किसी ने दीर्घ कालीन विकास के लिए स्थिर बताया। किसानों को उम्मीद थी कि सोयाबीन की एमएसपी बढ़कर 8 हजार होगी और सम्मान निधी में भी बढ़ोत्तरी होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर जिले में प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। एक ओर जहां आयकर सलाहकार इसे देश के दीर्घकालिक विकास के लिए स्थिर बजट बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अन्नदाता, आम जनता और विपक्षी दलों ने इसे पूरी तरह निराशाजनक बताया।

#### किसान नाराज, बोले- उम्मीदों पर फिरा पानी

सबसे ज्यादा असंतोष किसानों में देखा जा रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले के ग्राम चंदेरी के किसान इस बजट से खासे नाखुश हैं। किसानों का कहना है कि उनकी मेहनत और उपज के लिए बजट में कुछ भी ठोस नहीं है। ग्राम चंदेरी के किसान एमएस मेवाड़ा ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा हमें खाद, बीज और कृषि यंत्रों पर बड़ी राहत की उम्मीद थी। सबसे ज्यादा उम्मीद फसल के दामों में वृद्धि को लेकर थी, लेकिन सरकार ने चुप्पी साध ली। हमारी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। किसानों का कहना है कि डीजल और खाद की कीमतें बढने से खेती की लागत बढ़ गई है, लेकिन आय दोगुनी करने के वादे सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं। बाजार में आज भी उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है।

#### छोटे व्यापारियों के लिए भविष्य में लाभकारी



आयकर सलाहकार शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव के अनुसार सरकार ने इस बजट में लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा टैक्स स्लैब में बदलाव न करना नीतिगत स्थिरता का संकेत है। टीडीएस और रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया को सरल बनाना करदाताओं के लिए सुखद है। साथ ही जीएसटी के युक्तिकरण और एमएसएमई के लिए अनुपालन बोझ कम करने के संकेत छोटे व्यापारियों के लिए भविष्य में लाभकारी सिद्ध होंगे।

#### कांग्रेस बोली, चंद उद्योगपतियों का बजट



वहीं बजट को लेकर कांग्रेस ने कड़े तेवर दिखाए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बजट को पूरी तरह फेल बताते हुए कहा कि यह चंद बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बजट है। गुजराती ने कहा कि आम जनता को महंगाई से कोई राहत नहीं मिली है। आज देश वल्ड बैंक के कर्ज में डूबा है, सोने-चांदी के भाव आसमान छू रहे हैं। यह बजट मध्यम वर्ग और गरीबों की जेब काटने वाला है, जिससे आम जनता का कोई लेना-देना नहीं है।



बजट 2026 में कैंसर की दवा सस्ती है लेकिन बजट में सरकार को सभी तरह की दवा पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें भी सस्ता किया जाना चाहिए। क्योंकि बीमारी की जरूरी दवा जो जनसमान्य को उपयोगी होती है, जिसे सभी गरीब जनता को लाभ मिल सके।

डॉ. राजकुमार अहिरवार जिला टीकाकरण कार्यालय, सीहोर

#### सभी की अपनी-अपनी राय



- बजट में व्यापार सुगमता की बात तो की गई है, लेकिन बाजार में नकदी बढ़ाने और मांग पैदा करने के लिए कोई तात्कालिक उपाय नहीं दिखे।
-राकेश चक्रधर, अधिवक्ता



सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों और रोजमर्रा की महंगाई पर लगाम लगाने के लिए बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। बजट लाभकारी नहीं है।
-अरुशैंद्र शर्मा,



युवाओं को उम्मीद थी कि रोजगार सृजन के लिए किसी बड़े पैकेज की घोषणा होगी, लेकिन तकनीकी सुधारों और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान केंद्रित होने से उन्हें तत्काल नौकरी के अवसर कम नजर आ रहे हैं।
-हरपाल सिंह ठाकुर, कांग्रेस नेता

## इंदौर-भोपाल हाईवे पर गाय को बचाने के दौरान पलटी यात्रियों से भरी बस



**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अहमदाबाद से भोपाल जा रही एक स्लीपर बस आष्टा के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। राहत की बात यह रही कि बस में सवार 26 यात्रियों में से 25 पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि एक यात्री को मामूली चोट आई है। यह हादसा एक मवेशी की जान बचाने की कोशिश में हुआ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 8.20 बजे आष्टा के पास बेदाखेड़ी जोड़ पर हुआ। बस अपनी रफ्तार में भोपाल की ओर बढ़ रही थी, तभी अचानक एक गाय हाईवे के बीचों-बीच आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि चालक बस को नहीं काटता तो गाय की जान जाना तय था। मवेशी को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने तेजी से स्टेयरिंग मोड़ा, जिससे बस असंतुलित होकर सडक़ किनारे गड्ढे में जा गिरी।

**ग्रामीणों ने की मदद, कांच तोडक़र निकाला बाहर :** बस पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने बस के कांच तोड़े और गेट से यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना मिलते ही अमलाहा चौकी और आष्टा पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया।

**एक यात्री घायल, अन्य को गंतव्य तक पहुंचाया :** इस हादसे में छत्तीसगढ़ कांकेर निवासी 27 वर्षीय हरिशचंद्र पटेल को नाक पर चोट आई है।

अमलाहा टोल की एम्बुलेंस से उन्हें तत्काल आष्टा के अपोलो अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। शेष 25 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों का सामान बस से बाहर निकलवाया और उन्हें दूसरी बसों के जरिए भोपाल की ओर रवाना किया। हाईवे पर जाम की स्थिति न बने, इसलिए क्रेन बुलाकर बस को सडक़ किनारे करवाया गया।

### तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आरएके प्रोमियर लीग का आयोजन

**सीहोर।** स्थानीय आरएके कृषि महाविद्यालय सीहोर पर भूतपूर्व महाविद्यालयीन छात्रों एवं आर.ए.के. एल्युमिनी वेलफेयर एसोशियन सीहोर के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 31 जनवरी 2026 से 2 फरवरी 2026 के मध्य तीन दिवसीय क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक मैच 10-10 ओवरो का रखा गया है । क्रिकेट प्रीमियर लीग मे कुल छः टीमे हिस्सा ले रही है। फाईनल मे विजेता को प्रथम पुरस्कार 11000 एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता को 5500 सह ट्रॉफी से सम्मानित किया जावेगा । प्रथम दिन शुभांरभ कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आई.एस. तोमर द्वारा लाल फिता काटकर किया। उद्घाटन सत्र मे खेल अधिकारी वैज्ञाानिक डॉ.एक.के. चौधरी, प्र्रधानवैज्ञाानिक एस.सी. गुप्ता, डॉ.आई.एस. नरूका, डॉ.पियासी, डॉ.गाठिये वैज्ञाानिक लेखराम सहायक प्रध्याापक डॉ.राकेश, इंजी.महेन्द्र जोशी के साथ-साथ महाविद्यालय के बी.एस.सी. कृषि एवं एम.एस.सी. कृषि के छात्र उपस्थित रहे साथ ही आर.ए.के. एल्युमिनी नेलफेयर के आकाश विश्वकार्मा, रामकृष्ण पटेल भी उपस्थित रहे। प्रथम दिन छः टीमों की बीच लीग मैच खेले गये। दूसरे दिन सेमीफाइनल मैच खेले गये जिसमे दोनों टीमे अलाइट वारियर्स (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) एवं दुसरी टीम कैमपसकिंग (बी.एस.सी.द्वितीय वर्ष) द्वारा फाईनल में प्रवेश किया गया।

## तेंदुए की दहशत, अब 'गुलेल' के भरोसे किसान, बछड़े के शिकार के बाद गांव में कराई मुनादी



**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित सटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेज.2 और जामोनिया तालाब क्षेत्र में तेंदुए की आहट ने ग्रामीणों और रहवासियों की रातों की नींद उड़ा दी है। आलम यह है कि खुद की और मवेशियों की सुरक्षा के लिए अब किसानों ने पारंपरिक हथियार 'गुलेल' का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

बता दें एक दिन पहले ग्राम जामोनिया तालाब में एक अज्ञात हिंसक जानवर ने खेत पर बंधे गाय के बछड़े को अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में डर का माहौल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने गांव में डोंडी पिटवाकर (मुनादी कराकर) लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

#### किसानों ने थामी गुलेल

तेंदुए के डर से अब किसान खेतों पर अकेले जाने से कतरा रहे हैं। किसान विनोद बड़ोदिया और उनके साथियों ने बताया कि जंगली जानवर से बचाव के लिए उन्होंने विशेष गुलेल तैयार की हैं। किसानों का मानना है कि यदि हिंसक जानवर नजर आता है तो वे दूर से ही पत्थर मारकर उसे सुरक्षित दूरी से भगा सकेंगे।

#### दहशत के साए में हाउसिंग बोर्ड वासी

सिर्फ गांव ही नहीं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे भी गुरुवार-शुक्रवार की रात खूंखार वन्य प्राणी देखा गया। सोशल मीडिया पर चेतावनी भरे संदेश वायरल हो रहे हैं। हाल ही में शहर में हुए सियार के हमले (जिसमें 9 लोग घायल हुए थे) के जख्म अभी भरे नहीं थे कि अब तेंदुए की खबर ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है।

#### वन विभाग की अपील, सतर्क रहें

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने रात भर सर्चिंग की और पटाखे फोडक़र जानवर को आबादी से दूर खदेडऩे की कोशिश की। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि अकेले सुनसान इलाकों में न जाएं। संदिग्ध पगमार्क दिखने पर फोटो खींचकर तुरंत सूचित करें।

## केवल 15 दिन में हितग्राहियों के खाते में आएगी आवास योजना की राशि : नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर




**सीहोर।** रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-2 के अंतर्गत शहर के नगर पालिका परिसर में योजना के हितग्राहियों को सम्मेलन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और जरूरतमंदों को पक्का मकान मिल रहा है।

करीब 410 हितग्राहियों को 15 दिन में राशि मिल जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को योजना का लाभ निरंतर मिल रहा है और उनका पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हितग्राही मूलक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे है। आवास योजना के लिए ऑनलाईन आवेदन आये थे जिनमें से भाग्यशाली हितग्राही पात्र हुये है। अब वे शासन के नियमों के तहत मकान निर्माण कराये, उन्हें किश्तों में राशि प्राप्त होते रहेगी और पक्का मकान बनकर जल्द ही तैयार हो जायेगा। सभी हितग्राहियों ने नगरपालिका अध्यक्ष को इसके लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, मुकेश मेवाड़ा, अर्जुन राठौर, सुदीप व्यास, कमलेश कुशवाहा, इरफान लाला, राजेश मांझी, कमलेश राठौर, दिनेश कुशवाहा, आशीष गहलोत, प्रदीप गौतम, मांगीलाल मालवीय आदि बड़ी संख्या में पार्षद और हितग्राही शामिल थे।

### भारतीय जनता पार्टी ने मनाई संत रविदास जयंती



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी सीहोर द्वारा संत रविदास की जयंती के अवसर पर विधायक कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री जितेन्द्र गौड़, सीहोर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि संत रविदास केवल एक संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के महान प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज को समानता, समरसता और मानव गरिमा का संदेश दिया। ऐसे समय में जब समाज अनेक प्रकार की विभाजनकारी सोच से जूझ रहा है, संत रविदास के विचार हमें जोड़ने और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास का सपना ऐसा समाज था जहाँ कोई ऊँच-नीच न हो और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने का अधिकार मिले। भारतीय जनता पार्टी उनके इन्हीं विचारों को आधार बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुँचाने के लिए कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संत रविदास जी के आदर्शों को अपने आचरण में उतारते हुए सामाजिक समरसता को मजबूत करें।

### ठंड और कोहरे को देखते हुए प्रशासन था पहले से ही अलर्ट

# भक्तों ने कड़ाके की ठंड में लगाई आस्था की डुबकी माघ पूर्णिमा स्नान करने नर्मदा घाट पर उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रविवार को माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बदले हुए मौसम, सर्द हवाओं और घने बादलों के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा और पार्वती नदी के घाटों पर पुण्य की डुबकी लगाई।

हालांकि सुबह की कडक़ड़ाती ठंड और कोहरे की वजह से शुरुआत में भीड़ कुछ कम रही, लेकिन दिन चढऩे के साथ ही नर्मदे हर के जयकारों से तट गूंज उठे।बता दें रविवार सुबह की शुरुआत घने कोहरे और ठंडी हवाओं के साथ हुई। सुबह 8.30 बजे तक सूरज के दर्शन नहीं हुए थे, जिसके कारण तडक़े स्नान करने वालों की संख्या अन्य वर्षों के मुकाबले कम देखी गई। ठिठुरन ऐसी थी कि शरीर कांप जाए, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई।

जैसे ही मौसम थोड़ा साफ हुआ, भक्तों की टोलियां ट्रैक्टर ट्रॉली और निजी वाहनों से घाटों पर पहुंचने लगीं। भक्तों ने स्नान के बाद तट पर दान-पुण्य किया और दीप दान कर सुख. समृद्धि की कामना की।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम :** ठंड और कोहरे को देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट पर था। किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए प्रमुख घाटों पर होमगार्ड के गोताखोर तैनात किए गए थे। गहरे पानी की ओर बैरिकेडिंग की गई थी ताकि श्रद्धालु सुरक्षित सीमा के भीतर ही स्नान करें।

#### जिले के प्रमुख घाटों पर रही रौनक

**नीलकंठ घाटः** नर्मदा और कोलार नदी के संगम पर स्थित इस घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। स्नान के बाद भक्तों ने प्राचीन शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की।

**आंवली घाटः** अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध इस घाट पर ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने डुबकी लगाई। सुबह से लेकर देर शाम तक यहां श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए पहुंचे।

**शाहगंज घाटः** नगर के पास स्थित इस पक्के घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम रहे। यहां से नर्मदा के विहंगम स्वरूप के दर्शन करने दूरऽदूर से लोग पहुंचे।

## सिद्धपुर रंग महोत्सव में व्याख्यान और नाटक का दिखा तालमेल



**सीहोर** । मृत्युंजय कल्चरल एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा सिद्धपुर रंगमहोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय के सभागार में किया गया । इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह व्याख्यान के साथ की गई । जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. मंझारी अग्निहोत्री व अध्यक्ष डॉ. रोहिताश्व शर्मा थे। मुख्य वक्ता नोरा रूथ कुमार थी। जिसका विषय भारतीय नाटको एवं पाश्चात्य नाटकों में अंतर था । इस व्याख्यान का उद्देश्य लिटरेचर से जुड़े लोगों, छात्र व छात्राओं के लिए शिक्षा प्रदान करना एवं उनकी जानकारी को बढ़ाना था । ताकि उन्हें और विस्तार से समझ आ सके इनके बीच का अंतर और उनके ज्ञान में इज़ाफ़ा हो । इसके बाद शाम को नाटक पाठशाला में ब्रह्मराक्षस, लोक गीत संगीत एवं कत्थक का आयोजन किया गया। जिसका निर्देशन तनुज व्यास, मांगीलाल ठाकुर और चारूलता चौरे द्वारा किया गया। जिसका दर्शकों ने बहुत आनंद लिया और तालियां बजाकर सभी कलाकारों का खूब उत्साहवर्धन किया ।

**खबर संक्षेप**



## विधायक ने संरपचों को दिलाया पौधारोपण का संकल्प

**सीहोर।** पर्यावरण सरंक्षण के लिए सक्रिय विधायक सुदेश राय ने शनिवार को कार्यालय पहुंचे सरपंचों को पंचायत क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान को हमें सर्थक करना है। नौनीखेड़ी गोसाई ग्राम पंचायत के सरपंच प्रदीप दांगी को विधायक सुदेश राय ने फूलदार फालदार छायादार नीम, पीपल, जामुन, आम, अमरूद, पौधों को भेंट किया। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष एलम सिंह दांगी,सुदीप प्रजापति, सुनील राय आदि उपस्थित रहे।

### नीनोर ग्राम पंचायत में जनसंवाद आयोजित, कंचन शर्मा व कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार को घेरा

# मनरेगा का नाम और उसके स्वरूप से छेड़छाड़ करने पर महिला कांग्रेस ने किया जनसंवाद

महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी इस योजना ने ग्रामीण भारत को रोजगार की गारंटी दी, लेकिन अब केंद्र सरकार इसे धीरे-धीरे कमजोर करने की दिशा में गड़बड़ कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में मनरेगा से जुड़े बदलावों के विरोध में महिला कांग्रेस द्वारा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसी क्रम में रेहटी ब्लॉक की नीनोर ग्राम पंचायत में एक विस्तृत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुषों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कंचन शर्मा ने किया।

उन्होंने ग्रामीणों को मनरेगा योजना के वर्तमान स्वरूप, इसके सामाजिक प्रभाव और श्रमिकों की भागीदारी के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कंचन शर्मा ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा जैसी गरीब, मजदूर और ग्रामीणों की जीवनरेखा योजना का नाम बदलकर और इसके स्वरूप से छेड़छाड़ कर




सरकार जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी इस योजना ने ग्रामीण भारत को रोजगार की गारंटी दी, लेकिन अब केंद्र सरकार इसे धीरे-धीरे कमजोर करने की दिशा में गड़बड़ कर रही है, जिसे महिला कांग्रेस किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रेहटी के अध्यक्ष चंद्रपाल गुड्डू पटेल भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा का नाम बदलना केवल नाम परिवर्तन नहीं बल्कि गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस योजना की मूल भावना को खत्म कर रही है और आने वाले समय में इसे समाप्त करने की भूमिका बना रही है। आदिवासी नेता राहुल कीर ने भी कहा कि मनरेगा आदिवासी और ग्रामीण समाज की आर्थिक रीढ़ रही है, लेकिन नाम बदलकर और नियमों में बदलाव कर इसे कमजोर किया जा रहा है, जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी।जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने मजदूरी भुगतान, काम की उपलब्धता और योजना के भविष्य को लेकर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बैनर के साथ गांव के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण कर आमजन से सीधा संवाद किया गया, जिसमें महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी बुधनी विधानसभा के अन्य ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में शैतान सिंह, रमेश बागड़ी, बाबू कीर, अल्ताफ खान, इसरार मेव, रामसरस कीर, रामधार मेहता, हरिसकट कोमी, दामोदर कोरी, मुन्ना इद्रक, छत्रपाल बाई, मोघार काछी अध्यक्ष, गोपाल काछी, पुरुषोत्तम यादव, महिला कांग्रेस लक्ष्मीबाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ साहित्यकार स्व. रमेश गोहिया स्मृति सम्मान समारोह आयोजित

**सीहोर।** रविवार को सुकवि प्रदेश के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार स्व. रमेश गोहिया की तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय रैंबो पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्व. रमेश गोहिया के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सरस्वती वंदना कवि जोरावर सिंह ने प्रस्तुत की। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी राकेश राय थे। अध्यक्षता समाजसेवी ओमदीप ने की। विशेष अतिथि के रूप में इटारसी के वरिष्ठ गीतकार रामकिशोर नाविक तथा भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दयाल गोहिया उपस्थित थे।

अपने संबोधन में श्री राय ने कहा कि अपने शहर के साहित्यकारों का सम्मान हमें करते रहना चाहिए। इससे उन्हें निरंतर लिखते रहने की प्रेरणा मिलती है। मेरे बड़े भाई समान स्व. रमेश गोहिया अपनी सुमधुर आवाज के साथ कलम के धनी थे। जब तक वे जीवित रहे तब तक निरंतर अपने लेखन और काव्य गोष्ठियों के माध्यम से नवोदित लेखकों को प्रेरणा देते रहे। इस अवसर पर राकेश राय ने स्व. रमेश गोहिया स्मृति साधक सम्मान का आयोजन करने के लिये 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी। आयोजन और स्व. रमेश गोहिया के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से जानकारी रघुवर दयाल गोहिया ने दी। उन्होंने कहा कि आदरणीय भाई साहब स्वभाव से बेहद विनम्र,




सहज, सरल, निरंतर लिखने और पढ़ने वाले संवेदनशील व्यक्ति थे। उनकी रचनाओं में हमें अपनी मिट्टी से जुड़ाव, प्रेम, विरह, देश भक्ति और जीवन का संघर्ष नजर आता है। शायद यही वजह है कि उनके काव्य संग्रह का शीर्षक भी दर्द ही हमारा है रखा गया है। मुझ पर भी उनकी कविताओं व गीतों का गहरा प्रभाव पड़ा है। इस कारण से गीत, कविताएं लिखने की प्रेरणा मिलती रही। उन्होंने कहा कि अगर हमें बेहतर साहित्य सृजन करना है तो अधिक से अधिक अध्ययन की आदत डालना होगी। कार्यक्रम को रामचंद्र मिश्रा गुरुजी, समाजसेवी ओमदीप, रामकिशोर नाविक, मांडवी सिंह भोपाल अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सीहोर जिला पालक, हरिओम शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार देवकरण पंवार को स्व. रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान से अतिथियों द्वारा विभूषित किया गया। समारोह का सफल संचालन डॉ. प्रदीप चौहान ने किया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। काव्य गोष्ठी में रामनारायण राठौर, हरिओम शर्मा दाऊ, देवकरण पंवार,द्वारिका बांसुरिया, विनोद पंसारी, त्रिलोचन प्रसाद दुबे, हीरालाल जायसवाल अनाड़ी, ओम दीप, जोरावर सिंह, हीरालाल शर्मा, गोविन्द लोवानिया, नन्नू लाल सगर, शिवनारायण सगर, मांडवी सिंह, कैलाश चव्हाण, संतोष जैन संतू, डॉ. विजेन्द्र जायसवाल, राहुल ठाकुर आदि ने अपनी रचनाओं का सस्वर पाठ किया। समारोह में पत्रकार जुगल किशोर पटेल, पत्रकार सक्षम पालीवाल, शैलेंद्र पहलवान, लईक अंसारी, बीसी जैन, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, पत्रकार नितिन जौहरी, समाजसेवी कुतुबुद्दीन शेख, सुनील काबरे, गोबिंद शर्मा, समाजसेवी प्रदीप चावड़ा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। अंत में सभी का आभार डॉ. विजेन्द्र जायसवाल ने व्यक्त किया।

## विदाई समारोह और पांच दिवसीय कॅरियर मेले का हुआ समापन

**भैरूंदा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा कला में शनिवार को आयोजित पांच दिवसीय कैरियर मेले का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ। 27 से 31 जनवरी तक चले इस कैरियर मेले के समापन अवसर पर कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम फेयरवेल पार्टी 2026 कैरियर मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व नपा उपाध्यक्ष राजेश पंवार, वीणाचल गर्ल्स एकेडमी के संचालक के.एल. पंवार, एडवोकेट राजेश पाराशर, बजाज मोटर्स के संचालक पंकज खंडेलवाल, विनोद अन्ना (जनरल मैनेजर) एवं पावरमैक कंपनी से एचआर राहुल रघुवंशी की गरिमामय उपस्थिति रही। कैरियर



मार्गदर्शन सत्र में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से प्रधानाचार्य संजय गुर्जर, व्याख्याता कमलेश नागरे एवं वर्षा वर्मा ने विद्यार्थियों को तकनीकी, व्यावसायिक एवं उच्च शिक्षा से जुड़ी विभिन्न संभावनाओं की जानकारी दी। अतिथियों ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन, सतत परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विदाई समारोह के दौरान कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्मृतिचिन्ह भेंट किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, गीत और मंचीय प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि कैरियर मेला विद्यार्थियों को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम है, जिससे वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप भविष्य का चयन कर सकते हैं। वहीं विशेष अतिथि ने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, मार्गदर्शकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सफल आयोजन के साथ ही कैरियर मेले एवं विदाई समारोह का समापन उत्साह और प्रेरणा के वातावरण में हुआ।

## सात दिवसीय भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सीहोर।** शहर के छावनी स्थित नगर पालिका के समीपस्थ चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवे दिवस जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित ने कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि इस युग में हरि नाम का स्मरण ही जीव के कल्याण के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा विचार, वैराग्य और ज्ञान का मार्ग दिखाती है। सत्ययुग, त्रेता और द्वापर की तुलना में कलयुग में कठिन तपस्या या यज्ञ की आवश्यकता नहीं है।

रविवार को जगद गुरु ने कहाकि भगवान कृष्ण को जान से मारने के तमाम प्रयास जब राजा कंस के निष्फल रहे तो उसने राक्षसी पूतना को भेजा। पूतना को यह अभिमान था कि वह विष युक्त दूध पिलाकर भगवान को मौत की नींद सुला देगी। हालांकि इसके पीछे भी भगवान का ही वरदान रहा, जिसमें उन्होंने पूतना को राक्षस योनि से मुक्ति दिलाने को कहा था। इस आशीर्वाद का ही असर रहा कि पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, लेकिन भगवान उसका वध कर



उद्धार करते हैं। पूतना वासना और माया का प्रतीक हैं। रविवार को उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं के अलावा नंद उत्सव का वर्णन किया। भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला अत्यंत ही अनुकरणीय हैं। इनकी बाल लीला से हमें जीवन में आगे बढ़ने की सीख मिलती हैं। इसके अलावा भगवान शिव भी बाल रूप में भगवान श्री कृष्ण के दर्शन करने पहुंचे।

जगद्गुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहाकि द्वापर युग में राक्षसी एक पूतना थी, जिसनें दूध मुंहे बच्चे कृष्ण के साथ घात किया था, किंतु आज कलयुग में विभिन्न स्वरूपों में पूतना विद्यमान है। आज नारी गर्भावस्था शिशु को मार रही है। इसी मन की कुवृत्ति, स्वभाव का नाम पूतना है। मन में मलिनता आए, मन के बिगड़ने से संपूर्ण जीवन बिगड़ जाता है, यही पूतना का रूप है। बालकों के साथ जो घात करे वही पूतना है। यमुना के पानी को कालिया नाग ने जहर से प्रदूषित कर दिया था, जिसका मर्दन श्रीकृष्ण ने किया। द्वापर में भगवान कृष्ण ने जल संरक्षण एवं प्रदूषण रहित करने का जो कार्य किया वह आज हमें भी वही कार्य अपनाना चाहिए और गंदगी डालकर नदियों को प्रदूषित नहीं करना चाहिए। पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि कंस ने नवजात शिशुओं का वध करने के लिए जिन असुरों को नियुक्त किया था उनमें पूतना सबसे प्रधान थी। पूतना इच्छानुसार रूप बनाकर दिन-रात अबोध बच्चों का वध करती हुई घूमा करती थी, पूतना का सौंदर्य, श्रृंगार, बात करने का ढंग और उसकी शान-शौकत देखकर यशोदामाता ने सोचा कि यह कोई भले घर की स्त्री है इसलिए उन्होंने कोई विरोध नहीं किया और वह सीधे नंदभवन में चली गई।

**आज लगाया जाएगा छप्पन भोग:** चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि सोमवार को कथा के छठवे दिवस गोवर्धन पूजन के साथ ही छप्पन भोग लगाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की। उन्होंने बताया कि रविवार को वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने कथा का श्रवण किया।

## गुरु द लंगर लगाकर मनाई संत रविदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर संत रविदास महाराज की जयंती उत्साह से मनाई गई। इस दौरान जिला अस्पताल में गुरू दा लंगर लगाकर जाटव समाज के लोगों ने अस्पताल में 100 से अधिक उपचार कराने आए और मरीजों को भोजन कराया।

जिला अस्पताल परिसर में संत रविदास महाराज के चित्र पर माल्यापर्ण कर जयंती मनाते हुए सामाजिक समरसता और समानता का संदेश दिया गया। बताया कि संत रविदास का जन्म




1380 ईस्वी में वाराणसी में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। उन्होंने पाखंड, आडंबर और सामाजिक कुरीतियों का विरोध करते हुए समानता, मानवता और कर्म की प्रधानता का संदेश दिया। इस अवसर पर निरज जाटव, सतेंद्र मगरोलिया, सुशील कचनेरिया, राजू मंगरोलिया, सोनू जाटव, महेंद्र जाटव, ललित जाटव, नरेश जाटव, मोंटी फरैला, नीरज जौहर, नविन महोबिया, मोनू जाटव, निर्मल कचनैरिया, विनोद जाटव, आदि उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय कैरियर मेले का समापन, विद्यार्थियों को मिला भविष्य का स्पष्ट मार्ग

# आईआईटी, आईटीआई, पॉलिटेक्निक व उद्योग जगत के विशेषज्ञों से रूबरू हुए छात्र, कॅरियर को लेकर बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की शासकीय नवीन बालक हाइस्कूल भैरूंदा में आयोजित पांच दिवसीय कैरियर मेले का शनिवार को सफल समापन हो गया। 27 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चले इस आयोजन ने विद्यार्थियों को करियर के विविध विकल्पों से परिचित कराते हुए उनके भीतर आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण और सही दिशा में आगे बढ़ने की सोच विकसित की। मेले के दौरान विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता और जिज्ञासु प्रश्नों ने यह साबित किया कि ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्र के छात्र भी बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की क्षमता रखते हैं।

कैरियर मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह समझाना रहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल पारंपरिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास और नवाचार भी सफलता की कुंजी हैं। इसी उद्देश्य के तहत प्रतिदिन विभिन्न




शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।r 27 जनवरी को शासकीय पॉलिटेक्निक भैरूंदा से आए मॉरीश जैन एवं देवेंद्र ने तकनीकी शिक्षा, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया और रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने तकनीकी क्षेत्र में करियर को लेकर खुलकर सवाल पूछे।

28 जनवरी को शासकीय आईटीआई भैरूंदा की टीम से तरुण चौधरी एवं मुकेश कर्मा ने कौशल आधारित शिक्षा, विभिन्न ट्रेड्स, अप्रेंटिसशिप और स्वरोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज के समय में हुनरमंद युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस सत्र में विद्यार्थियों की उपस्थिति और रुचि उल्लेखनीय रही।

29 जनवरी को आयोजित सत्र विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक रहा। आईआईटी मुंबई से बीटेक व एमटेक करने के बाद आकर्षक पैकेज छोड़कर कृषि क्षेत्र में अपनी कंपनी स्थापित करने वाले युवा उद्यमी ने अपने जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। उनके अनुभवों ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि आत्मनिर्भरता, नवाचार और समाज के लिए कुछ नया करने का जज्बा ही असली सफलता है। 30 जनवरी को शहर के उद्योगपति संदीप मालवीय ने अपने उद्यमिता सफर के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों से निकलकर भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

समापन दिवस 31 जनवरी को शासकीय अस्पताल भैरूंदा से आईसीटीसी काउंसलर मीना बघेल ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े करियर विकल्पों की जानकारी दी और समाज सेवा को करियर के रूप में अपनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। पांच दिनों तक चले इस कैरियर मेले को विद्यालय परिवार, अतिथियों और विद्यार्थियों के सहयोग से पूर्णतः सफल माना गया।

यह आयोजन भैरूंदा क्षेत्र में शिक्षा और करियर मार्गदर्शन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में याद किया जाएगा।

## जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासन के निर्देशानुसार गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 07 फरवरी से दिनांक 07 मार्च 2026 तक किया जाएगा। कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार प्रतिदिन जिले से किसानों के पंजीयन, खरीदी एवं भुगतान संबंधी समस्याओं का निराकरण के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 114 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह कर्मचारी किसान पंजीयन, उपार्जन, भुगतान एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त होने वाली शिकायतों और आवेदनों का विधिवत रिकार्ड संधारण करेंगे एवं तत्काल निराकृत की जाने वाली समस्याओं को दूरभाष पर ही संबंधित अधिकारियों की जानकारी में लायेंगे और निराकरण कराएंगे। यह जिला स्तरीय कंट्रोल रूम रबी पंजीयन, उपार्जन एवं सम्पूर्ण भुगतान कार्य समाप्ति तक स्थापित रहेगा।

### 2026 को बताया कृषि वर्ष- जिसमें आय बढ़ाने, जल संरक्षण और सिंचाई क्षमता विस्तार पर देंगे जोर

# विस क्षेत्र में 2 करोड़ 11 लाख के विकास कार्यों का मंत्री पंवार ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपलिया बाग, पाडल्या बना, गादिया, चारपूरा एवं मानपुरा देव में 2 करोड़ 11 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन निर्माण, पुलिया निर्माण, बाउंड्री वॉल, चेक डैम सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी तथा आमजन को सीधा लाभ प्राप्त होगा।





### 2026 मध्यप्रदेश का कृषि वर्ष

*मंत्री पंवार ने बताया कि वर्ष 2026 को मध्यप्रदेश में "कृषि वर्ष" के रूप में मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक अपनाने, जल संरक्षण और सिंचाई क्षमता विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे प्रदेश की कृषि व्यवस्था को और अधिक मजबूत आधार मिलेगा।*

### भारत-यूरोपियन यूनियन ट्रेड डील पर प्रधानमंत्री की विदेश नीति की सराहना

*मंत्री पंवार ने भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुई ट्रेड डील का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी और सशक्त विदेश नीति का परिणाम है। इस समझौते से भारतीय कृषि उत्पादों, उद्योगों और निर्यात को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिलेगी, जिससे किसानों और उद्यमियों को लाभ होगा।*

### बिनियाखेड़ी में 18 लाख की लागत से सामुदायिक भवन एवं पेवर्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिनियाखेड़ी में विकास कार्यों को सशक्त रूप देते हुए लगभग 18 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित सामुदायिक भवन एवं पेवर्स निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। सड़क, भवन, पेयजल, बिजली और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और ग्रामीण जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व स्तर पर बढ़ती ख्याति का भी उल्लेख किया और कहा कि आज भारत विकास, विश्वास और नेतृत्व के नए मानक स्थापित कर रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से देश और प्रदेश दोनों प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। इस कार्यक्रम में जिला भजयूमो जिला अध्यक्ष के पी परमार, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, अमित शर्मा, अर्जुन सौंधिया, कमल सौंधिया, सरपंच कृष्णपाल सौंधिया, एसडीओ प्रवीण सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

## ठंड में अलाव का सहारा लेकर किसानों के बीच पहुंचे विधायक



**कुरावर।** शनिवार को क्षेत्र में कड़ाके की ठंड का असर दिनभर बना रहा। सुबह से लेकर शाम तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके, जिससे शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी रहा। ठंड से बचने के लिए नगर व ग्रामीण अंचलों में नागरिकों, व्यापारियों और किसानों को गली-मोहल्लों व मुख्य मार्गों पर अलाव का सहारा लेते देखा गया। इसी बीच क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ठंड के इस कठिन दौर में ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे। हाल ही में हुई ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को हुए नुकसान की जानकारी लेने विधायक किसानों के बीच पहुंचे, जहां किसान अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे थे। विधायक ने किसानों से सीधे संवाद कर फसल क्षति की स्थिति जानी और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी है। ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कराया जा रहा है, ताकि वास्तविक नुकसान का आकलन कर किसानों को शीघ्र राहत दी जा सके। इस दौरान ग्रामीणजन एवं किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### महिला का पीछा करते हुए घर में भी फेंकता था पत्थर

## धर्म परिवर्तन के लिए परेशान करने वाले युवक पर दर्ज की एफआईआर




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

नगर के पुरा क्षेत्र निवासी एक हिन्दू महिला को जबरन इस्लाम धर्म अपनाने के लिए कई दिनों से परेशान करते आ रहे युवक पर कोतवाली पुलिस ने मप्र धार्मिक स्वतंत्रता का अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी युवक कभी महिला का पीछा करते हुए उसे धमकी देता तो कभी उसके घर पर पत्थर फेंका करता था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया है।

### थाने पहुंचे परिजन और हिन्दू संगठन कार्यकर्ता

युवक से परेशान महिला ने यह बात अपने परिजनों को बताई। जानकारी लगने पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता भी शुक्रवार रात्रि थाने पहुंचे और पुलिस से कार्यवाही की मांग रखी। पुलिस ने राजा मेवाती पर बीएनएस की धारा 78(1), 79, 351(3) एवं मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3(1)(बी) एवं 5 के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए युवक को कस्टडी में लिया है।

### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार पुरा मोहल्ला निवासी एक महिला को समीप ही रहने वाला राजा उर्फ राजू मेवाती कई दिनों से पीछा करते हुए धमकियां दे रहा था। युवक धमकी देता था कि अगर तुमने इस्लाम धर्म नहीं अपनाया तो जान से खत्म कर दुंगा। कई बार राजा ने महिला के घर के सामने बैठकर दरवाजा भी खटखटाया। इसके साथ ही पत्थरबाजी भी की। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि दो-तीन दिन पहले जब वह मंदिर जा रही थी उस समय भी राजा ने उसका पीछा किया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

## पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

विद्यालय जीवन में फेयरवेल पार्टी का विशेष महत्व होता है। यह वह अवसर होता है जब जूनियर छात्र अपने सीनियर्स को सम्मान, स्नेह और शुभकामनाओं के साथ विदा करते हैं। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य हितेश सोनी ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कक्षा 12 के छात्रों के साथ बिताए गए सुनहरे पलों को याद किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। फेयरवेल पार्टी के दौरान सीनियर्स के लिए मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य हितेश सोनी व समस्त शिक्षकों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला अंत में, भावुक विदाई के साथ कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। यह फेयरवेल पार्टी सभी के लिए यादगार बनी है। इस अवसर पर रूप चतुर्वेदी निर्मला मालवी माया यादव सुनील चौहान गोवर्धन यादव राजेश जोशी विकास नागर दीपक गोयल समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### भाजपा के जिला सम्मेलन में बोले पार्टी पदाधिकारी

## पारदर्शिता बढ़ाने मनरेगा में हुए हैं कुछ बदलाव : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

केंद्र सरकार की महती विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण), (वीबी जी रामजी) योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने वृहद स्तर पर रूपरेखा तैयार की है। इस संबंध में आयोजनों की तैयारी के संबंध में पचोर स्थित रामपुरिया बालाजी परिसर में पार्टी का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने कहा कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता बढ़ाने और जवाबदेही तय करने के उद्धेश्य से सरकार ने उसमें महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं लेकिन विपक्षी पार्टियां राजनैतिक रोटी सेंकने लिए जनता के सामने अलग रूप में प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस ग्रामीण मजदूर हितैषी योजना का दुष्प्रचार कर विपक्षी दल भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। इस योजना से मजदूरों को कैसे पहले से अधिक लाभ मिलेगा, इसकी जानकारी सम्मेलन, चैपाल के माध्यम से प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के वक्ता ग्रामीण मजदूरों तक पहुंचाएंगे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जिला संयोजक, सह संयोजक की नियुक्तियां की गई हैं।



### आगामी दिनों में चलेगा व्यापक अभियान

*पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूर हितेषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने आगामी दिनों में जिला, मंडल स्तरीय सम्मेलन एवं चैपालें आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पंडित हरिचरण तिवारी, प्रताप मंडलोई, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मोना सुस्तानी सहित पार्टी के जिला प्रभारी उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने किया एवं आभार जिला महामंत्री ममता इंदौरिया ने माना।*

## अग्रवाल जिला महासभा अध्यक्ष बने राजेंद्र बंसल, समाजजनों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

गत दिनों जिले के पचोर नगर में जिला अग्रवाल महासभा के निर्वाचन अध्यक्ष पद लिए तीन इच्छुक उम्मीदवार थे जिसका निर्वाचन आपसी सहमति से पर्ची द्वारा किया गया।

जिसमें राजेंद्र बंसल जीरापुर महासभा अध्यक्ष निर्वाचित हुए। माचलपुर नगर समाजजनों ने उनके नगर आगमन पर अग्रवाल धर्मशाला में उनका स्वागत साफा पहनाकर कर पुष्पमाला से किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर माचलपुर अग्रवाल समाज संरक्षक मनोहरलाल माधावत समाज अध्यक्ष शरद माधावत, सत्यनारायण गोयल, रमेशचंद बंसल, राधेश्याम बंसल, सतीश गोयल, उमेश बंसल, पवन अग्रवाल, अरुण गोयल,पंकज माधावत, भरत गर्ग, मुकेश माधावत, संदीप लोहिया, आयुष माधावत, सुनील बंसल, प्रमोद गोयल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन उपस्थित रहे।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 : जूडो प्रतियोगिता में गुना जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 अंतर्गत जूडो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 31 जनवरी 26 तक सागर संभाग में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 40 जिलों की जूडो टीमों ने सहभागिता की। जिला जूडो संघ, गुना के सचिव सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुना जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए कुल 6 पदक अर्जित किए। गुना जिले को स्वर्ण पदक भारत रजक (50 किग्रा) एवं जमुना केवट (57 किग्रा), रजत पदक निशा अहिरवार (+70 किग्रा) तथा कांस्य पदक प्रतिज्ञा मीणा (40 किग्रा), अंजलि चौधरी (44 किग्रा) एवं मोहम्मद साद (+90 किग्रा) ने दिलाए। शर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि खिलाड़्यों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन और तकनीकी प्रशिक्षण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी जिला जूडो संघ एवं नोडल खेल केंद्र के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं तथा जूडो कोच गौरव प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में किए गए प्रशिक्षण के फलस्वरूप यह सफलता हासिल हुई है।

## बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीयता में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

परीक्षा और चुनाव दोनों ही अत्यंत गोपनीय प्रक्रियाएं होती हैं, इनमें अनुशासन और ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में आगामी बोर्ड परीक्षाओं में किसी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस अधिकारी, कर्मचारी को जो दायित्व सौंपे गए हैं वे पूरी गंभीरता के सर्वोच्य प्राथमिकता के साथ उनका पालन करे। उक्त निर्देश आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के संबंध में जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने प्रदान किए। बैठक में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष बोर्ड द्वारा जारी समस्त नियमों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने नलल रोकने बनाए गए समस्त उड़नदस्तों को सतत एवं प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



### पुष्पद समाज की बैठक में राजगढ़ नगर कार्यकारिणी गठित

**राजगढ़।** फूलमाली पुष्पद समाज राजगढ़ नगर ईकाई की बैठक शनिवार को स्थानीय पुष्पद समाज धर्मशाला परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में महेश पुष्पद किशनगढ़ को अध्यक्ष, राजेंद्र पुष्पद पुरा को उपाध्यक्ष, दिलीप पुष्पद एलआईसी कोषाध्यक्ष, रितुराज पुष्पद को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राम-जानकी मंदिर समिति का अध्यक्ष चतरलाल पुष्पद एवं धर्मशाला व्यवस्था कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी महेश पुष्पद को सौंपी गई। इस अवसर पर श्यामसुंदर पुष्पद, घनश्याम पुष्पद, लक्ष्मीनारायण पुष्पद, गोपाल पुष्पद, अजय पुष्पद, राहुल पुष्पद, भंवरलाल पुष्पद, सूरज पुष्पद, महेंद्र पुष्पद सहित अन्य उपस्थित थे।

## ऑटो पार्ट्स दुकान में हुई चोरी का 24 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

जिला पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने बड़ी तत्परता दिखाते हुए ऑटो पार्ट्स की दुकान में हुई चोरी का मात्र 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से नकदी बरामद की है।टीन शेड हटाकर गल्ले से की थी चोरीघटनाक्रम के अनुसार, भार्गव कॉलोनी निवासी राहुल जैन ने 30 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जयस्तंभ चौराहे स्थित उनकी राहुल ऑटो पार्ट्स की दुकान में 28-29 जनवरी की दरम्यानी रात चोरी हुई है। अज्ञात चोर ने छत का टीन शेड हटाकर भीतर प्रवेश किया और गल्ले से नकदी पार कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ क्चहस् की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से पकड़ा गया चोरइंचार्ज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कुशल पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों और सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने सोनू (23) पुत्र दौलत आदिवासी, निवासी ग्राम सिंगवासा को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से शेष बची नकदी 3379 रुपये बरामद कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में इंचार्ज थाना प्रभारी कुशल पाल, प्रधान आरक्षक अशोक सरोज की भूमिका रही।



### श्रृष्टि के शिल्पकार के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

## विश्वकर्मा समाज ने आराध्य देव की जयंती पर किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इस समूची श्रृष्टि के शिल्पकार कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव समाजजनों द्वारा धूमधाम और विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा के मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। गाजे-बाजे और ढोल-ढमाकों के साथ आरंभ हुई शोभायात्रा नाका नंबर-3, कन्या शाला, रानी लक्ष्मी चौक होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों सहित अन्य समितियों द्वारा पुष्पवर्षा इत्यादि के साथ समाजजनों का स्वागत, अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में समाज के पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन, बच्चे सहित सभी आयुवर्ग के लोग सम्मिलित हुए।



### आगामी कार्यक्रम के लिए तैयार की रूपरेखा

यात्रा के समापन उपरान्त मंदिर परिसर में पूजा-आरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए समाज की उन्नति के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा पर विशेष फोकस करने एवं समाज में कहीं-कहीं व्याप्त कुछ कुरीतियों के उन्मूलन के संबंध में भी वरिष्ठजनों ने अपनी बात रखी।

### भगवान विश्वकर्मा जयंती के आयोजन में प्रेस क्लब अध्यक्ष हुए शामिल

## ओझा समाज को 10 लाख 51000 देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

मैं आप सभी साथियों से एक अनुरोध करूंगा जो आप समाज जन के द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर की मांग उठाई जा रही है ,मित्र मंडल के पास जमीन उपलब्ध है मैं अपने परिवार की तरफ से 5 लाख 510000 की घोषणा करता हूं और सिर्फ मंदिर नहीं बनाना है उसके लिए मैं चाहता हूं जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री कौशल केंद्र चला रहे हैं इस तरह आप भी कौशल केंद्र चलना है जिससे आपके यहां से बढ़ रही बेरोजगारी कम होगी।

नौकरियां मिल नहीं रही है तो हमें भी चीन बनना चाहिए । इसलिए 5 लाख रुपए कौशल केंद्र के लिए देने की घोषणा करता हूं। आप लोग यहां मणिधारी गार्डन में समाज की गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह है आयोजित करें यह सुविधा आपके लिए पूरी तरह निशुल्क रहेगी। मैं आप सबके साथ कदम से कदम मिलकर चलूंगा। उक्त उद्गार ओझा समाज मित्र मंडल सेवा समिति, भगवान विश्वकर्मा प्रकट दिवस एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा ने व्यक्त किए। विशेष अतिथि लक्ष्मीनारायण ओझा (प्रदेश अध्यक्ष, ओझा समाज मित्रमण्डल सेवा समिति ) रहे। वहीं कुशवाहा समाज श्री राम जानकी धर्मशाला पाठशाला व मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत कुशवाह विशेष रूप से शामिल रहे।कार्यक्रम शनिवार सुबह 10 बजे से मणिधारी गार्डन में आरंभ हुआ जहां भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना हवन आदि अनुष्ठान हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

अंत में सह भोज पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन में विजय ओझा पत्रकार, विनोद कुमार ओझा मुंदोल, विजय कुमार ओझा बमोरी बुजुर्ग, रामनारायण ओझा,चंद्र मोहन ओझा, राजू ओझा पार्षद, बनवारी लाल ओझा, भानु प्रताप ओझा, पिस्ता ओझा, लक्ष्मी ओझा, गोमती ओझा, पूजा ओझा, कांति झा, संगीता आर्य, सोनू ओझा, विष्णु झा एडवोकेट, प्रेम नारायण ओझा, घनश्याम ओझा, दीपक गॉड पत्रकार, अनूप सोढ़ी, गुलाब राज, पंकज शर्मा, बनवारी लाल ओझा सहित सैकड़ों समाजबंधु शामिल हुए।





**खबर संक्षेप**

## संत रविदास किसी जाति समाज के नहीं, सकल समाज के संत थेः लोधी


**आष्टा।** शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम छात्रों के बीच महान समाज सुधारक और विचारक संत रविदास की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक भगवत शरण लोधी ने सन्त रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा संत श्री के जीवन पर अपनी-अपनी बात रखी वहीं पर ब्लॉक समन्वयक ने कहा की संत कभी किसी समाज और जाति के नहीं होते हैं बल्कि वह सकल समाज के होते हैं और ऐसे ही संत रविदास जी को महान समाज सुधारक के रूप में जाने जाते है हम उनके विचारों पर चलकर समाज में हो रहे भेदभाव को भूलकर सकल समाज में समरसता वाला वातावरण निर्मित कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन राकेश शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार कन्हैया लाल दरिया द्वारा किया गया।

## संत सिंगाजी महाराज को चढ़ाया निशान

**जावर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष रविवार की पूर्णिमा कौ अन्नपूर्णा नगर में संत सिंगाजी महाराज का विधि विधान से पूजा अर्चना कर निशान चढ़ाया गया। इससे पूर्व शनिवार की शाम से सुबह 6:00 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके पश्चात रविवार की सुबह से ही सिंगाजी महाराज के मंदिर में श्रीफल तथा आरती के पश्चात तुलादान के साथ-साथ पादुका पूजन भी की गई जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया तथा उसके पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया गया। यह परंपरा कई वर्षों से मंडी रोड स्थित श्यामनारायण शर्मा,दिपक शर्मा, प्रतिवर्ष आयोजित करते हैं।

### भगवान श्री विश्वकर्मा प्राकट्य उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया

# भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव और सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री करण सिंह और विधायक





## राधाकृष्ण मंदिर में हुई महाआरती विश्वकर्मा मंदिर आष्टा से भगवान श्री विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सृजन, निर्माण, सृष्टि के रचयिता, देव शिल्पी,ब्रह्मांड के प्रथम इंजीनियर, भगवान विश्वकर्मा का जन्म आज ही के दिन माघ मास की त्रयोदशी शुक्ल पक्ष को हुआ था । आज आस्था की नगरी आष्टा में भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव, प्राकट्य दिवस के रूप में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। आज शनिवार को बुधवारा आष्टा में स्थित विश्वकर्मा राधाकृष्ण मंदिर में महाआरती की गई। महाआरती पश्चात विश्वकर्मा मंदिर आष्टा से भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो आष्टा के प्रमुख मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पाड़लिया रोड विश्वकर्मा समाज धर्मशाला पर पहुंची। कार्यक्रम स्थल पर सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमे समाज के 05 नवयुगल जोड़े विवाह परिणय बंधन में बंधे। कार्यक्रम में पधारे मध्यप्रदेश के राजस्व मंत्री श्री कारण सिंह वर्मा, विधानसभा आष्टा के विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर,भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार,पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, नगर पालिका आष्टा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, विश्वकर्मा बोर्ड अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा चकल्दी,धारासिंह पटेल,धर्मसिंह आर्य,मनोहर पटेल,सुशील संचेती, जयसिंह ठाकुर,विशाल



चौरसिया,विष्णु परमार,कालू भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए ।सभी अतिथियी जनप्रतिनिधियों का समाज समिति द्वारा सम्मान सत्कार किया गया एवं सभी अतिथियों ने वर बधु को आशीर्वाद प्रदान किया और सभी समाज बंधुओ को श्री विश्वकर्मा भगवान के जन्मोत्सव की बधाई प्रेषित की। इसी दौरान समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरुस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को राजस्व मंत्री श्री करणसिंह वर्मा,विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,श्री पवन पाटीदार सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित कर समाज के प्रयासों की सराहना कर सभी ने हर स्तर पर समाज की सहायता सहयोग का वादा किया ।समाज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा सहित, उत्सव समिति, युवा संगठन समिति, महिला मंडल, युवा वाहिनी, विवाह समिति, धर्मशाला निर्माण समिति द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

### धभगवान श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर देर रात तक चली भजन संध्या, हुई महाआरती

सृजन, निर्माण, सृष्टि के रचयिता, देव शिल्पी,ब्रह्मांड के प्रथम इंजीनियर, भगवान श्री विश्वकर्मा जी का जन्म आज ही के दिन माघ मास की त्रयोदशी शुक्ल पक्ष को हुआ था। आस्था की नगरी आष्टा में आज भगवान श्री विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव, प्राकट्य दिवस के रूप में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। दिनांक 30 जनवरी शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें देर रात्रि तक भजन संध्या चली। दिन शनिवार को बुधवारा आष्टा में स्थित श्री विश्वकर्मा राधाकृष्ण मंदिर में महाआरती की गई। महाआरती पश्चात विश्वकर्मा मंदिर आष्टा से भगवान श्री विश्वकर्मा जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो आष्टा के प्रमुख मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पाड़लिया रोड विश्वकर्मा समाज धर्मशाला पर पहुंची। कार्यक्रम स्थल पर सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमे समाज के 05 नवयुगल जोड़े विवाह परिणय बंधन में बंधे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथिगण पधारे जिसमें मध्यप्रदेश के राजस्व मंत्री कारण सिंह वर्मा, विधानसभा आष्टा के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पवन पाटीदार नगर पालिका आष्टा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, विश्वकर्मा बोर्ड अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा चकल्दी, सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय फ़ौजी, सकल हिन्दू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, पूर्व नपाध्यक्ष मीना विनीत सिंघी, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, जनपद अध्यक्ष धारासिंह पटेल, सहित कई जनप्रतिनिधियों का समाज समिति द्वारा सम्मान सत्कार किया गया एवं सभी अतिथियों ने वर बधु को आशीर्वाद प्रदान किया और सभी समाज बंधुओ को श्री विश्वकर्मा भगवान के जन्मोत्सव की बधाई प्रेषित की। इसी दौरान समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। समाज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा सहित, उत्सव समिति, युवा संगठन समिति, महिला मंडल, युवा वाहिनी, विवाह समिति, धर्मशाला निर्माण समिति द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने पर सभी को धन्यवाद स्वरुप आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा एवं विष्णु विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

